होम्योपैथी चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) (डी.एच.एम.एस.) परीक्षा विनियम, 1982 मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्रकाशन दिनॉक 30 अक्टूबर, 1982

(हिन्दी एवं अंग्रेजी)

डाक व्यय की पूर्व-अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिये अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. भोपाल-505/डब्ल्यू. पी.

पंजी क्रमांक भोपाल डिवीजन 122 (एम. पी.)

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 412] भोपाल, शनिवार, दिनांक 30 अक्टूबर 1982—कार्तिक 8, शके 1904

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर 1982

क्र. 2788-416-पन्द्रह-मेडि-4—मध्यप्रदेश होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19, सन, 1976) की धारा 52 की उपधारा (1) के खंड (क) तथा (च) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य होम्योपैथी परिषद् मध्यप्रदेश राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से देखिये मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य विभाग का ज्ञापन क्र. 2578-2607-पन्द्रह-मेडि-4, दिनांक 1 अक्टूबर, 1982 एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात्:—

भाग क—प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम:—इन विनियमों का संक्षिप्त नाम राज्य होम्योपैथी परिषद् होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) परीक्षा विनियम, 1982 है;

2. परिभाषाएं:—इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:—

(एक) "अधिनियम" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश होम्योपैथी परिषद् अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976);

(दो) "परिशिष्ट" से अभिप्रेत है इन विनियमों से संलग्न परिशिष्ट;

(तीन) "पाठ्यक्रम" से अभिप्रेत है होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधिपत्र के लिये ऐसा अध्ययन पाठ्यक्रम जो कि केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् नई दिल्ली द्वारा विहित किया जाय और केन्द्रीय परिषद् द्वारा पाठ्यक्रम इस प्रकार विहित न किये जाने की दशा में ऐसा अध्ययन पाठ्यक्रम जो कि परिषद् द्वारा इन विनियमों के अधीन विहित किया जाय;

(चार) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, परिषद् द्वारा संचालित होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि-पत्र (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) परीक्षा;

(पांच) "परीक्षा अधिकारी" से अभिप्रेत है, परीक्षा का संचालन करने वाला अधिकारी;

(छः) "सरकार" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश सरकार;

(सात) "होम्योपैथिक महाविद्यालय/संस्था" से अभिप्रेत है राज्य होम्योपैथी परिषद् या राज्य सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त या होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय या संस्था;

(आठ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है राज्य होम्योपैथी परिषद् का अध्यक्ष/या प्रशासक;

(नौ) "रजिस्ट्रार" से अभिप्रेत है परिषद् का रजिस्ट्रार.

(दस) "नियमित विद्यार्थी" से अभिप्रेत है ऐसा विद्यार्थी जिसने परिषद् से संबद्ध या परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त या परिषद् द्वारा स्थापित किसी संस्था/महाविद्यालय में नियमित अध्ययन पाठ्यक्रम पूरा किया है, तथा ऐसे विद्यार्थी के रूप में परिषद् की परीक्षा में प्रवेश चाहता है.

भाग—ख—होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश,

3. होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधिपत्र पाठ्यक्रम चार वर्ष की अवधि का होगा और उसमें होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधिपत्र के लिये अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात छः मास की अनिवार्य रूप से निवासी चिकित्सक कार्य (इन्टर्नशिप) सम्मिलित है.

4. (1) केवल ऐसा अभ्यर्थी होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये पात्र होगा, जिसने:—

(क) उच्चतर माध्यमिक या इन्टरमीडियेट (10+2) परीक्षा या उसको समकक्ष परीक्षा भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र तथा जीव विज्ञान विषय लेकर उत्तीर्ण की है, और

(ख) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये आवेदन-पत्र का प्ररूप प्रस्तुत करने की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती वर्ष के दिसंबर मास की 31 तारीख को या उसके पूर्व 16 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है.

(2) एसा अभ्यार्थी जिसनें होम्योपैथी तथा बायो केमेस्ट्री में उपाधिपत्र के लिये परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधिपत्र के द्वितीय वर्ष में प्रवेश पाने के लिय पात्र होगा.

5. शिक्षा तथा परीक्षा का माध्यम अभ्यार्थी के विकल्प पर हिंदी या अंग्रेजी में होगा.

6. परिषद् को देय परीक्षा फीस तथा अन्य फीस परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होगी.

7. (1) किसी संबंध/मान्यताप्राप्त महाविद्यालय में प्रवेश लेन का इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रधान को अपना चरित्र प्रमाण पत्र जो अंतिम अध्यापन संस्था के प्राचार्य/प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित किया जायगा तथा आवश्यक फीस तथा अन्य दस्तावजों के साथ आवेदन पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रधान द्वारा इस निमित्त समय-समय पर अधिसूचित की गई अंतिम तारीख को या उसके पूर्व प्रस्तुत करेगा.

(2) उस संस्था का जिसमें अभ्यर्थी ने प्रवेश पाना चाहा है का प्राचार्य/प्रधान, अभ्यर्थी से उसके चरित्र, मैथजिक उपयुक्तता तथा इन विनयमों में विनिर्दिष्ट प्रवेश के लिये अन्य शर्तों तथा निबंधनों के संबध में अपना समाधान करने लिये अपेक्षा कर सकेगा.

8. परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त या उसके द्वारा या राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था में दिये गये समस्त प्रवेश, परिषद् की पुष्टिकरण के अध्यधीन रहते हुये होंगे, यदि कोई प्रवेश इन विनियमों के उपबन्धों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो परिषद् को इसके पूर्णतः विवेकाधीन यह शक्ति होगी कि ऐसे किसी पाठ्यक्रम की बाबत, जिसमें कि विद्यार्थी नें अध्ययन किया होता, किसी भी परीक्षा में प्रवेश देने से इन्कार कर सकेगी या परिषद् किसी अभ्यर्थी को दिया गया उपाधिपत्र अपने पूर्णतः विवेकाधीन प्रत्याहृत कर सकेगी यदि यह पाया जाता है कि विद्यार्थी नें कपटपूर्वक, दुर्व्यपदेशन, से, भूले से या दूषित करनेवाली बातों के परिणामस्वरूप पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया था.

9. मान्यताप्राप्त संस्थाओं में ऐसे अध्ययन पाठयक्रमों के लिये समस्त प्रवेश ऐसी तारीख को जिसे कि परिषद् इस संबंध मे समय-समय पर अधिसूचित करे, बंद कर दिये जायेंगे.

10. इन विनियमों में की कोई भी बात परिषद को किसी मान्यता प्राप्त संस्था में किसी अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेशों की संख्या को ऐसे पाठ्यक्रम के लिये, उपबंधित स्थान की उपलब्धता तथा सुविधाओं के अध्ययीन रहते हुये, सीमित करने से प्रतिषिद्ध नहीं करेगी.

11. किसी मान्यताप्राप्त संस्था में प्रवेश दिये गये विद्यार्थी को, ज्यों ही उसका आवेदन पत्र नामांकन प्रमाणपत्र के लिये परिषद् को अग्रेषित किया जाय, उस संस्था के सदस्य के रूप में मान्यता प्रदान की जायेगी.

12. किसी भी अभ्यर्थी को, परिषद् की किसी परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जावेगा, जब तक कि वह परिषद् के विद्यार्थी के रूप में नामांकित न किया गया हो, और परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार नामांकन फीस भुगतान न कर दिया हो.

13. नामांकन के लिये प्रारूप एक (क) में आवेदन पत्र, नामांकन फीस और प्रस्तुत किये जाने के लिये अपेक्षित अन्य दस्तावेजों के साथ, उस संस्था के, जिसमें कि उसे प्रवेश दिया गया है, प्रधान के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तारीख से, 30 दिन के भीतर, या ऐसी कालावधि की, जिसे कि परिषद् अपने विवेकानुसार बढ़ाये, समाप्ति के पूर्व, परिषद् के कार्यालय में पहुंचा दिया जायगा.

14. रजिस्ट्रार परिषद् में नामांकित समस्त विद्यार्थियों का एक रजिस्टर तथा कार्ड इन्डेक्स बनाये रखेगा. कार्ड में नामांकित के समस्त पहचान के प्रयोजनों के लिये अपेक्षित जानकारी अन्तर्विष्ट होगी और उसकी रजिस्ट्रार द्वारा अनुपूर्ति की जायेगी जिसमें पुर्नप्रवेश, स्थानांतर, किसी परीक्षा में उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण होने या संस्था छोड़ने के संबंध में जानकारी प्रविष्ट की जायेगी.

15. नामांकन होने पर, प्रत्येक विद्यार्थी रजिस्ट्रार से प्ररूप दो (ख) में एक नामांकन प्रमाण पत्र प्राप्त करेगा जिसमें नामांकन क्रमांक दर्शाया जायेगा, जिसके अधीन उसका नाम रजिस्टर में दर्ज किया गया है, और उस क्रमांक को विद्यार्थी द्वारा परिषद् के साथ समस्त पत्र व्यवहार में तथा परिषद् की किसी परीक्षा में प्रवेश के लिये पश्चात्वर्ती आवेदन पत्रों में उल्लेखित किया जायेगा.

16. नामांकन प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति परिशिष्ट में इस निमित्त विनिर्दिष्ट की गई फीस का भुगतान करने पर, जारी की जा सकेगी.

17. परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था का प्रधान मूल दस्तावेजों की सावधानी पूर्वक जांच करने के पश्चात् उसकी संस्था में प्रवेश दिये गये समस्त विद्यार्थियों के नामांकन तथा नामांकन फीस और ऐसी अन्य जानकारी जो परिषद् द्वारा मंगाई जाय रजिस्ट्रार अपेक्षित करेगा.

18. किसी भी विद्यार्थी की एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरण के लिये परिषदकी पूर्व अनुज्ञा के बिना और महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्थानांतर प्रमाण पत्र, प्ररूप दो में जारी किये बिना अनुज्ञात नहीं किया जायगा.

19. विनियम 18 के उपबन्धों के अध्ययीन रहते हुये, किसी विद्यार्थी को एक संस्था से दूसरी संस्था में उसके स्थानांतर के लिये तब तक अनुज्ञात नहीं किया जायगा, जब तक कि वह उस संस्था से जिसमें उसने पहले प्रवेश ले चुका है, प्रथम व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता और परिषद् का अध्यक्ष, स्थानांतर के लिये विद्यार्थी द्वारा उसके समक्ष रखे गये कारणों को वास्तविक नहीं समझता.

20. (1) इन विनियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी यदि कोई विद्यार्थी सत्र प्रारंभ होने के पश्चात् या सत्र के दौरान संस्था से अपना स्थानांतर चाहता है, और कोई अन्य संस्था से संयोजित होना चाहता है, तो वह—

(एक) संस्था को छोड़ने का अपना आशय तथा उसके लिए कारण दर्शाते हुये, प्राचार्य के माध्यम से रजिस्ट्रार को लिखित में आवेदन करेगा.

(दो) महाविद्यालय को समस्त शोध्यों तथा इन विनियमों के अधीन अपेक्षित किये गये अनुसार अन्य शोध्यों का भुगतान करेगा.

(तीन) जो भी छात्रवृत्ति हो, उसे या यदि महाविद्यालय उसे ऐसा करने के लिये अपेक्षा करे तो महाविद्यालय निधि में उसे चुकाई गई कोई अन्य धनराशि वापस करेगा.

(चार) एक संस्था से दूसरी संस्था को उसके नामांकन के परिवर्तन के लिये परिशिष्ट में इस निमित्त विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार फीस का भुगतान परिषद् को करेगा.

(2) प्राचार्य अपनी टिप्पणी सहित स्थानांतर के लिये आवेदन पत्र को परिषद् के पास अग्रेषित करेगा. प्राचार्य स्थानांतर प्रमाण पत्र केवल परिषद् के अध्यक्ष की अनुज्ञा प्राप्त करने के पश्चात् ही जारी करेगा एवं उसके पश्चात् ही विद्यार्थी सामान्यतः किसी अन्य संबद्ध मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में प्रवेश के लिये पात्र होगा.

21. एक संस्था से दूसरी संस्था में किसी विद्यार्थी के स्थानांतर से तथा ऐसे विषयों से जो उससे संबंधित हैं, उद्भूत होने वाले किसी प्रश्न के संबंध में जिसके लिये इन विनियमों में, कोई बात विनिर्दिष्टतः उपबंधित नहीं है, रजिस्ट्रार का विनिश्चय अंतिम होगा.

22. जब कोई विद्यार्थी महाविद्यालय या परिषद् की अधिकारिता के भीतर या बाहर गंभीर अपचार का या लगातार आलस्य का या अनुशासन भंग का दोषी पाया जाता है, तो उस महाविद्यालय का प्राचार्य, जिसमें विद्यार्थी अध्ययन कर रहा है, या परिषद् का अध्यक्ष, मामले के स्वरूप, तथा गंभीरता के अनुसार, अपराधी विद्यार्थी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्:—

(क) उसे एक विनिर्दिष्ट कालावधि के लिये कक्षाओं में उपस्थित होने से निलंबित कर सकेगा,

(ख) उसे संस्था से निकाल सकेगा,

(ग) एक शैक्षणिक वर्ष से अनधिक कालावधि के लिये उसे निष्कासित कर सकेगा,

(घ) परिषद् की आगामी परीक्षा में उपस्थित होने से उसे निरर्हित कर सकेगा :

परन्तु यथास्थिति प्राचार्य या रजिस्ट्रार को यह शक्ति होगी कि वह किसी भी विद्यार्थी को यदि ऐसे प्राचार्य या रजिस्ट्रार को ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर या अन्यथा उसे यह विश्वास हो जाये कि विद्यार्थी प्रथम दृष्टया गंभीर अपचार का दोषी है तो विद्यार्थी को सुनवाई का पूर्व अवसर दिये बिना ही तत्काल निलंबित कर सकेगा.

23. ऐसे किसी भी विद्यार्थी को जो इस प्रकार निकाला गया है/या निष्कासित किया गया है, उसके दण्ड की कालावधि के भीतर जिसे यथास्थिति, निकाले जाने या निष्कासित किये जाने वाले आदेश में विनिर्दिष्ट किया गया हो, किसी भी संस्था में प्रवेश नहीं दिया जायगा.

24. निकाले जाने निष्कासनों के समस्त मामलों की, पुष्टि के लिये परिषद् को रिपोर्ट भेजी जायेगी. तथापि, प्राचार्य को यह शक्ति होगी कि, वह किसी विद्यार्थी को, अभिकथित अपचार के संबंध में उसके आचरण की जांच लंबित रहने तक महाविद्यालय से अस्थायी रूप से निलंबित कर दे.

भाग (ग)—होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि-पत्र की स्कीम

25. (1) तीन परीक्षाएं होंगी, अर्थात्:—

(एक) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि-पत्र के पाठ्यक्रम के प्रथम तीन वर्ष के अन्त में होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधिपत्र,

(दो) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि-पत्र पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष के अन्त में होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा परीक्षा में द्वितीय उपाधि पत्र,

(तीन) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र के साढ़े तीन वर्ष के अन्त में होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा परीक्षा (अंतिम) में तृतीय उपाधि पत्र,

(2) वर्ष में दो परीक्षाएं मुख्य तथा अनुपूरक, ऐसी तारीखों, समय तथा स्थान या स्थानों पर ली जायेंगी जैसा कि परिषद् समय-समय पर अवधारित करे.

26. (1) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधि पत्र परीक्षा:—प्रथम शैक्षणिक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् होने वाली होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधि पत्र परीक्षा में प्रवेश के लिये वह अभ्यर्थी पात्र होगा, जो किसी संबद्ध मान्यताप्राप्त महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य/प्रधान के समाधानप्रद रूप में कम से कम एक शैक्षणिक वर्ष तक नियमित अध्ययन पाठ्यक्रम में उपस्थित रहा है और जो परिषद् में उक्त महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थी के रूप में नामांकित हुआ है.

(2) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि-पत्र परीक्षा.—ऐसा अभ्यर्थी, जिसने होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधिपत्र परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या राज्य होम्योपैथी परिषद् मध्यप्रदेश की या भूतपूर्व होम्योपैथिक तथा बायोकेमिक चिकित्सा पद्धति, बोर्ड, मध्यप्रदेश की होम्योपैथी तथा बायोकेमिस्ट्री में उपाधिपत्र परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं, और जो संबद्ध मान्यताप्राप्त महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य प्रधान के समाधानप्रद रूप में एक शैक्षणिक वर्ष (द्वितीय वर्ष) नियमित अध्ययन पाठ्यक्रम में उपस्थित रहा है, होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधिपत्र के दो वर्ष के अन्त में होने वाली होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि-पत्र परीक्षा में प्रवेश के लिये पात्र होगा.

3. होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि पत्र परीक्षा.—ऐसा अभ्यर्थी जिसने होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि पत्र परीक्षा उत्तीर्ण की है, और जिसने किसी संबद्ध मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य प्रधान के समाधानप्रदरूप से होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधिपत्र के नियमित अध्ययन पाठ्यक्रम में 1½ वर्ष की कालावधि तक उपस्थित रहा है, होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि- पत्र परीक्षा (अंतिम) में प्रवेश के लिये पात्र होगा.

स्पष्टीकरण.—इस विनियम के प्रयोजनों के लिये "नियमित अध्ययन पाठ्यक्रमों" से अभिप्रेत है किसी विशिष्ट शैक्षणिक वर्ष या सत्र में किसी विषय में अलग-अलग दिये गये व्याख्यानों तथा रखे गये प्रैक्टिकल क्लीनिक से कम से कम 75% में उपस्थिति.

परन्तु उपस्थिति की अनियमितता में प्रत्येक विषय में दिये गए व्याख्यानों तथा रखे गये प्रैक्टिकल क्लासेज की कुल संख्या के 20% से अनधिक कमी के लिये लंबी बीमारी या कोई अन्य विधि मान्य कारणों के मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रधान की सिफारिश पर परिषद् के अध्यक्ष द्वारा माफी दी जा सकेगी.

27. (1) होम्योपैथिक चिकित्सा में तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधि पत्र परीक्षा के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी से अध्ययन के निम्न लिखित विषयों में उत्तीर्ण होने की अपेक्षा की जायेगी.

(1) एनाटामी,

(2) फिजियालाजी,

(3) फार्मेसी,

(4) मेटीरिया मेडिका (20 पालीक्रेस्ट औषधियां),

(2) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि-पत्र परीक्षा के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी से अध्ययन के निम्नलिखित विषयों में उत्तीर्ण होने की अपेक्षा की जायेगी:—

(एक) पैथालाजी, बैक्टेरियालाजी, तथा पैरासाईटोलाजी

(दो) फारेंसिक मेडिसीन तथा टाक्सीकोलाजी,

(तीन) सामाजिक तथा निवारक चिकित्सा (सोशियल एंड प्रिवेन्टिव मेडीसीन) जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य शिक्षा तथा परिवार कल्याण चिकित्सा है.

(चार) मेटीरिया मेडिका (56 पालीक्रेस्ट औषधियां)

(पांच) आर्गेनन (एफो 70 तक)

(3) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि पत्र परीक्षा के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी से निम्नलिखित समस्त विषयों में उत्तीर्ण होने की अपेक्षा की जायेगी.—

(एक) चिकित्सा व्यवसाय (मानसिक रोग तथा होम्योपैथिक थेराप्युटिक्स को सम्मिलित करते हुये);

(दो) शल्य चिकित्सा (कान, नाक, गला, आंख, दांत के रोग तथा होम्योपैथिक थेराप्यूटिक्स को सम्मिलित करते हुए)

(तीन) शिशुरोग को सम्मिलित करते हुए आब्स्टेट्रिक्स तथा गाईनाकोलाजी,

(चार) मेटीरिया मेडिका (70 औषधियां),

(पांच) आर्गेनन तथा फिलासफी,

(छ:) रिपेर्टरी.

28. (1) प्रत्येक विषय में परीक्षा में लिखित, मौखिक तथा/या प्रायोगिक (क्लिनिकल) परीक्षण होगा. प्रत्येक लिखित प्रश्न पत्र (परीक्षण) के लिये तीन घंटे तथा प्रायोगिक। क्लिनिकल परीक्षण के लिये एक घंटे का समय अनुज्ञात किया जायेगा.

(2) प्रत्येक विषय के लिये उत्तीर्णांक लिखित प्रश्न पत्रों तथा मौखिक और प्रायोगिक के संयुक्त कुल अंकों का 45 प्रतिशत होगा.

(3) किसी विषय में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उस विषय में विशिष्टता (सम्मान) अभिप्राप्त किया है घोषित किया जायेगा, परन्तु अभ्यर्थी को परीक्षा में सभी विषयों में प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होना चाहिये.

(4) परीक्षा की स्कीम निम्नानुसार होगी:—(1) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में प्रथम उपाधि पत्र परीक्षा.—

अनु.	विषय		लिखित		मौखिक	प्रायोगिक		योग	
			अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक		अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक	अधिकतम अंक	उत्तीर्णांक
(1)	(2)		(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	एनाटामी	प्रथम प्रश्न पत्र	100	90	मौखिक ..	100	90	400	180
		द्वितीय प्रश्न पत्र	100		प्रायोगिक ..	100			
2	फिजियालाजी ..	प्रथम प्रश्न पत्र	100	90	मौखिक ..	100	90	400	180
		द्वितीय प्रश्न पत्र	100		प्रायोगिक ..	100			
3	फार्मेसी	प्रथम प्रश्न पत्र	100	45	मौखिक ..	50	45	200	90
					प्रायोगिक ..	50			
4	मेटीरिया मेडिका ..	प्रथम प्रश्न पत्र	100	45		100	45	200	90
			600	270		600	270	1200	540

(2) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि पत्र परीक्षा.—

अनुक्रमांक	विषय	लिखित		मौखिक +	प्रायोगिक		योग	
		पूर्णांक	उत्तीर्णांक	पूर्णांक	पूर्णांक	उत्तीर्णांक	पूर्णांक	उत्तीर्णांक
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)		(6)	
1	पैथालाजी	100	45	50 + 50	45	200		90
2	फोरेन्सिक मेडिसिन	100	45	50 + 50	45	200		90
3	सामाजिक तथा निवारक चिकित्सा	100	45	50 + 50	45	200		90
4	मेटेरिया मेडिका	100	45	50 + 50	45	200		90
5	आर्गेनन	100	45	50 + 50	45	200		90
		500	250	250		1000		450

(3) होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि पत्र (अंतिम) परीक्षा.—

अनुक्रमांक	विषय	लिखित			मौखिक + पूर्णांक	प्रायोगिक		योग	
			पूर्णांक	उत्तीर्णांक		पूर्णांक	उत्तीर्णांक	पूर्णांक	उत्तीर्णांक
(1)	(2)		(3)		(4)		(5)		(6)
1	प्रेक्टिस आफ मेडिसिन ..	प्रथम द्वितीय	100 100	90 100	+ 100	90	400		180
2	शल्य चिकित्सा ..	प्रथम द्वितीय	100 100	90 100	+ 100	90	400		180
3	आब्स्टेट्रिक्स तथा गाइनो-कोलाजी	प्रथम द्वितीय	100 100	90 100	+ 100	90	400		180
4	मेटीरिया मेडिका ..	प्रथम द्वितीय	100 100	90 100	+ 100	90	400		180
5	आरगेनन तथा फिलासफी	प्रथम द्वितीय	100 100	90 50	+ 50	45	300		135
6	रेपर्टरी		100	45 50	+ 50	45	200		90
			1100	500	500		2100		945

29. इन विनियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि परीक्षा में उपस्थित होने वाला कोई परीक्षार्थी दो से अनधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होता है, किन्तु अपेक्षित न्यूनतम संकलित अंकों में [illegible] अंक प्राप्त करता है, तो उस विषय या उन विषयों में, जिसमें या जिनमें वह अनुत्तीर्ण है, पांच अंकों की सीमा तक की माफी दी जा सकेगी.

30. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, परिषद् सफल अभ्यर्थियों की सूची निम्नलिखित रीति में व्यवस्थित करके प्रकाशित करेगी :—

(क) योग्यता क्रम में प्रथम दस अभ्यर्थियों के नाम, रोल नम्बर, तथा अभिप्राप्त किये गये अंक; और

(ख) अनुक्रमांकानुसार व्यवस्थित अन्य अभ्यर्थियों के रोल नम्बर.

31. होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि-पत्र (अंतिम) परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात् विद्यार्थी को परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त किसी चिकित्सालय या औषधालय में, संस्था के प्राचार्य या प्रधान के समाधानप्रद रूप में अनिवार्य इन्टर्नशिप के रूप में छः मास का प्रशिक्षण लेना होगा.

32. प्रत्येक सफल अभ्यर्थी को, विनियम 31 के अधीन कालावधि के इन्टर्नशिप पूर्ण करने के पश्चात् तथा संस्था के प्राचार्य या प्रधान की सिफारिश पर तथा रु. 25 की फीस का भुगतान करने पर होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि-पत्र इन विनियमों के अधीन विहित प्ररूप में परिषद् द्वारा प्ररूप छः में उपाधि-पत्र प्रदान किया जायेगा.

33. पूरक परीक्षाएं.—ऐसा अभ्यर्थी जो कम से कम एक विषय में उत्तीर्ण हुआ है उस परीक्षा के उस भाग के विषय या विषयों में जिसमें वह अनुत्तीर्ण हुआ है पूरक परीक्षा में जो साधारणतः परीक्षा परिणामों के प्रकाशन के छः सप्ताह के पश्चात् रखी जायेगी, परिशिष्ट में इस निमित्त दर्शायी गई फीस का भुगतान करने पर, तथा साथ ही प्ररूप तीन में आवेदन करने पर, प्रवेश दिया जा सकेगा.

34. यदि कोई अभ्यर्थी पूरक परीक्षा में या पश्चात्वर्ती परीक्षा में संबंधित विषय या विषयों में उत्तीर्णांक अभिप्राप्त करता है तो उसे संपूर्ण परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ घोषित किया जायेगा.

35. यदि ऐसा अभ्यर्थी पूरक परीक्षा में संबंधित विषय या विषयों में अनुत्तीर्ण होता है तो वह उस विषय या विषयों में आगामी वार्षिक परीक्षा में, (इन विनियमों के अधीन अपेक्षित प्रमाण-पत्र के अतिरिक्त) इस आशय का प्रमाण-पत्र कि उसने उस विषय या विषयों में, जिसमें वह अनुत्तीर्ण हुआ है, आगामी शैक्षणिक वर्ष की कालावधि के लिये आगे के अध्ययन पाठ्यक्रम में प्राचार्य के समाधानप्रद रूप में उपस्थित रहा है, पेश करने पर सम्मिलित हो सकेगा :

परन्तु परीक्षा के समस्त विषयों का उत्तीर्ण होना चार संभाविताओं (चान्सेस) में पूर्ण किया जायेगा, जिसमें मुख्य तथा अनुपूरक परीक्षा सम्मिलित है, जिनकी गिनती उस तारीख से की जायेगी जब पूर्ण परीक्षा प्रथम बार दी हो.

36. यदि कोई अभ्यर्थी विहित चार संभाविताओं (चान्सेस) में सभी विषयों में उत्तीर्ण होने में असफल रहता है तो उसे संबंधित परीक्षा के सभी विषयों में शैक्षणिक सत्र के लिये अध्ययन पाठ्यक्रम महाविद्यालय के प्रधान के समाधानप्रद रूप में फिर से करने के लिये अपेक्षित किया जायेगा और वह सभी विषयों में परीक्षा में बैठेगा।

परन्तु यदि होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि-पत्र परीक्षा में बैठने वाला कोई परीक्षार्थी विहित संभाविताओं (चान्सेस) में से अंतिम संभाविता (चान्स) में केवल एक विषय में उत्तीर्ण होने से रह जाता है, तो उसे उस विशिष्ट विषय में आगामी परीक्षा में बैठने के लिये एक और संभाविता (चान्स) अनुज्ञात की जायेगी और वह इस विशेष संभाविता से अपनी परीक्षा पूरी कर लेगा जिसमें असफल रहने पर उसे होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में तृतीय उपाधि-पत्र परीक्षा की पूर्ण परीक्षा में बैठने के लिये अपेक्षित किया जायेगा.

37. परिषद्, उसके द्वारा संचालित एक या अधिक केन्द्रों की परीक्षा असाधारण परिस्थितियों में अपने स्वविवेकानुसार पूर्णतः या भागतः रद्द कर सकेगी और उन विषयों में तथा/या इन केन्द्रों में ऐसे रद्दकरण की तारीख से यथासंभव शीघ्र या जैसा कि मामले का औचित्य प्रतिपादित हो, पुनः परीक्षा संचालित करने की व्यवस्था करेगी.

भाग घ—परीक्षा—सामान्य

38. किसी परीक्षा में प्रवेश के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी, रजिस्ट्रार को संबोधित करके विहित प्ररूप तीन में आवेदन-पत्र, उस परीक्षा का तथा उस विषय का, जिसमें वह परीक्षा देना चाहता है कथन करते हुए और उसके साथ परिशिष्ट में इस निमित विनिर्दिष्ट परीक्षा फीस तथा अंक सूची फीस और आवेदन-पत्र में अपेक्षित किये गये अनुसार अन्य प्रमाण-पत्र दस्तावेजें संलग्न करके, प्राचार्य/संस्था के प्रधान द्वारा इस निमित्त समय-समय पर नियत की गई अंतिम तारीख को या उसके पूर्व प्राचार्य/संस्था के प्रधान के पास प्रस्तुत करेगा.

39. (1) अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा फीस तथा अंक सूची फीस के साथ प्रस्तुत किया गया आवेदन-पत्र प्राचार्य/संस्था के प्रधान द्वारा इस प्रकार अग्रेषित किया जायेगा ताकि वह परिषद द्वारा इस प्रयोजन के लिये नियत की गई तारीख को या उसके पूर्व रजिस्ट्रार के पास पहुंच जाय.

(2) प्रत्येक आवेदन पत्र की बावत महाविद्यालय का प्राचार्य/संस्था का प्रधान प्रमाणित करेगा कि अभ्यर्थी :—

(1) उस परीक्षा में, जिसके लिये वह प्रवेश चाहता है, बैठने के लिये न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं रखता है,

(2) अच्छे आचरण का है.

40. महाविद्यालय का प्राचार्य या संस्था का प्रधान ऐसे किसी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक सकेगा —

(क) जो महाविद्यालय के बकाया शोध्य नहीं चुकाता है; या

(ख) जो महाविद्यालय की वस्तुएं तथा पोशाक नहीं लौटाता है या नुकसान होने की दशा में उनका मूल्य नहीं चुकाता है; या

(ग) जिसने अनुशासनहीनता का गंभीर कार्य किया है जिसके कारण उसे संस्था से निकाला या निष्कासित किया जा सकता है.

41. ऐसे किसी व्यक्ति को जिसे किसी महाविद्यालय से निकाल दिया गया है, किसी परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा.

42. (1) ऐसे किसी व्यक्ति को जिसे किसी महाविद्यालय से निष्कासित किया गया है, निष्कासन की कालावधि के दौरान किसी परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा.

(2) ऐसे किसी व्यक्ति को जिसे किसी परीक्षा में बैठने से किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिये विवर्जित किया गया है, ऐसी परीक्षा में ऐसी विनिर्दिष्ट कालावधि के दौरान बैठने नहीं दिया जायेगा.

43. परिषद् द्वारा नियत तारीख के पश्चात् किसी भी तारीख को किन्तु जो ऐसी अंतिम तारीख के पश्चात् पन्द्रह दिन के बाद की न हो किसी परीक्षा में प्रवेश के लिये रजिस्ट्रार को प्राप्त कोई आवेदन-पत्र ऐसी विलंब फीस का, जो कि इस प्रयोजन के लिये परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट है, भुगतान करने पर ग्राह्य किया जा सकेगा.

44. इन विनियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी अध्यक्ष विशेष मामलों में, जिनमें उसका यह समाधान हो जाय कि किसी परीक्षा के लिये प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में विलम्ब, अभ्यर्थी की ओर से उपेक्षा के कारण नहीं हुआ है या यह कि यदि अभ्यर्थी का आवेदन पत्र अस्वीकार किया जाता है तो उसे बड़ी कठिनाई होगी, ऐसे आवेदन पत्र को जो विनिर्दिष्ट विलम्ब फीस सहित सभी प्रकार से अन्यथा पूर्ण है, यद्यपि वह विनियम 43 में वर्णित 15 दिन की कालावधि का अवसान होने के पश्चात् प्राप्त हुआ है, ग्राह्य करने के लिये अनुज्ञात कर सकेगा.

45. (1) इस विनियम के पैरा (2) के अध्यधीन रहते हुए, रजिस्ट्रार अभ्यर्थी के पक्ष में विहित प्ररूप में एक प्रवेश पत्र जारी करेगा, यदि अभ्यर्थी का आवेदन पत्र सभी प्रकार से पूर्ण है और अभ्यर्थी द्वारा विहित फीसें चुका दी गई है.

(2) किसी अभ्यर्थी के पक्ष में जारी किया गया प्रवेश पत्र तथा दी गई अनुज्ञा का किसी भी प्रक्रम में प्रत्याहरण किया जा सकेगा यदि यह पाया जाय कि—

(क) प्रवेश पत्र भूल से जारी किया गया था या अनुज्ञा भूल से दी गई थी या अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने के लिये पात्र नहीं था;

(ख) नामांकन के लिये किसी महाविद्यालय में प्रवेश के लिये आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी द्वारा दी गई विशिष्टियों में से कोई भी विशिष्ट या प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज मिथ्या या गलत है.

(3) रजिस्ट्रार, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि कोई प्रवेश पत्र गुम गया है या नष्ट हो गया है, रु. 2 (दो रुपये) की और फीस का भुगतान करने पर प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति दे सकेगा. ऐसे कार्ड के प्रमुख स्थान पर शब्द "दूसरी प्रति" लिखा रहेगा.

46. किसी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब तक कि वह केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक (इन्विजिलेटर) के समक्ष प्रवेश पत्र पेश नहीं करता है या ऐसे अधिकारियों का समाधान नहीं कर देता है कि वह पेश कर दिया जायेगा. अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र पेश करेगा जब कभी केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक (इन्विजिलेटर) द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाय.

47. (1) कोई अभ्यर्थी जो बीमारी या अन्य कारण से किसी परीक्षा में उपस्थित होने में असमर्थ है, अपनी फीस का प्रतिदाय प्राप्त नहीं करेगा.

परन्तु अध्यक्ष, ऐसे मामले में, जिसमें उसका यह समाधान हो जाय कि वह कारण अभ्यर्थी के नियंत्रण से परे था, अभ्यर्थी द्वारा संदत्त की जाने वाली फीस में से फीस के निम्नलिखित भाग का, अध्यधीन आगामी परीक्षा के लिये समायोजन करने के आदेश दे सकेगा, अर्थात् :—

(1) फीस का 25 प्रतिशत कटौती करने के पश्चात् परीक्षा फीस,

(2) अंकों के विवरण के लिये फीस.

अभ्यर्थी द्वारा चुकाई गई अन्य फीस परिषद् को व्ययगत हो जायेगी. ऐसे समायोजन के लिये किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र, बीमारी के चिकित्सा प्रमाण पत्र, यदि लागू होता हो, के साथ भेजा जाना चाहिये ताकि वह रजिस्ट्रार के पास उस परीक्षा के, जिसमें कि अभ्यर्थी को उपस्थित होना था, प्रारंभ होने की तारीख से 10 दिन के पहले और 30 दिन बाद न पहुंचे.

(2) किसी अभ्यर्थी द्वारा, जो उपस्थिति की कमी या आवेदन पत्र विलम्ब से प्रस्तुत करने के कारण परीक्षा में बैठने से विवर्जित किया गया है, चुकाई गई फीस रु. 5 (पांच रुपये) की राशि की कटौती करने के पश्चात् संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से उसे लौटाई जा सकेगी.

(3) ऐसे अभ्यर्थी की जिसकी परीक्षा में बैठने के पूर्व या परीक्षा लिये जाने की कालावधि के दौरान मृत्यु हो जाती है, परीक्षा फीस तथा अंक सूची फीस उसके अभिभावक या ऐसे अभ्यर्थी के वैधकारियों को पूर्ण रूप से लौटा दी जायेगी.

(4) ऐसे अभ्यर्थी द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण फीस जिसका कि परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन पत्र कूटरचित दस्तावेजों को पेश करने या मिथ्या विशिष्टियां देने के कारण रद्द किया गया है या जो परीक्षा में बैठने से निवर्जित किया गया है या निकाल दिया गया है या रोक दिया गया है, समपहृत हो जायेगी.

48. (1) कोई भी अभ्यर्थी जो परीक्षा में बैठा है एक या अधिक किन्तु तीन से अनधिक विषयों में लिखित प्रश्न पत्रों में (पेपर्स में) अपने अंकों के पुनर्योग के लिये तथा अपने अंकों की पुनर्जांच के लिये रजिस्ट्रार को आवेदन कर सकेगा. ऐसा आवेदन पत्र, रजिस्ट्रार के पास अंक-सूची की सत्य प्रतिलिपि सहित परीक्षा परिणाम के घोषणा की तारीख से 30 दिन के भीतर पहुंचना चाहिये. ऐसे आवेदन के साथ परिशिष्ट में इस प्रयोजन के लिये विनिर्दिष्ट फीस संलग्न होनी चाहिये.

(2) जांच का परिणाम अभ्यर्थी को संसूचित किया जायेगा.

(3) यदि, जांच के परिणाम स्वरूप यह पाया जाता है कि ऐसा अभ्यर्थी उत्तीर्ण घोषित किये जाने का हकदार है या उसके अंकों का योग इस प्रकार बढ़ गया है कि वह प्राविण्य सूची में स्थान मिलेगा तो अभ्यर्थी द्वारा पुर्नजांच के लिये जमा की गई फीस मनी आर्डर कमीशन या प्रेषण खर्च काट कर उसे लौटा दी जायेगी.

49. अंकसूची की दूसरी प्रति परिशिष्ट में, इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार फीस का भुगतान करने पर जारी की जा सकेगी.

50. होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि पत्र की दूसरी प्रति सिवाय ऐसे मामलों के मंजूर नहीं की जायेगी, जिनमें तत्समय प्रवृत्त विधि द्वारा अपेक्षित उचित मूल्य का स्टाम्पित पत्र पर प्रार्थनापत्र पेश करने पर अध्यक्ष का यह समाधान हो जाय कि आवेदक

आवेदन पत्र खो गया है या यह कि वह नष्ट हो गया है और आवेदक को उसकी प्रतिलिपि की आवश्यकता है, ऐसे मामलों में, आवेदन पत्र की दूसरी प्रति, ऐसी फीस जो कि परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट है की प्राप्ति पर दी जा सकेगी.

भाग ङ—परीक्षा का संचालन

61. परिषद् का अध्यक्ष परीक्षा का पूर्ण रूप से भारसाधक होगा और वह उसके सीधे अधीक्षण के अधीन आयोजित की जायेगी.

62. परिषद् का रजिस्ट्रार या अन्य कोई व्यक्ति जो परीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिये परिषद् द्वारा नियुक्त किया जाय, परिषद् के अध्यक्ष के परामर्श से, परीक्षा के संचालन के लिये सभी इन्तजाम करेगा. रजिस्ट्रार/परीक्षा अधिकारी, जब तक परिणाम घोषित न किये जायें, ऐसी प्रत्येक बात में जो कि परीक्षा के संचालन के लिये आवश्यक है, सम्यक् गोपनीयता बनाये रखेगा.

63. (1) परीक्षा अधिकारी जो रजिस्ट्रार नहीं होगा, समस्त गोपनीय अभिलेख रखेगा तथा परीक्षकों, प्रश्न-पत्र निवेदकों (पेपर सेटर्स) की नियुक्ति, प्रश्न पत्रों का मुद्रण तथा मुद्रणालय को भुगतान से संबंधित पत्र व्यवहार-परीक्षा अधिकारी के माध्यम से तथा उसके नाम से किया जायेगा ताकि परिणाम के प्रकाशित होने तक मुद्रणालय के नाम तथा स्थान की गोपनीयता बनाई रखी जा सके और परिणाम घोषित होने तथा प्रकाशित होने के पश्चात् परीक्षा से संबंधित समस्त अभिलेख तथा सामग्रियां रजिस्ट्रार को सौंप दी जायेंगी जो उसे सुरक्षित स्थान में रखेगा.

(2) परिषद् की कार्यकारिणी समिति द्वारा अन्यथा विनिश्चित किये जाने के सिवाय परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं तथा परीक्षार्थियों द्वारा अभिप्राप्त किये गये अंकों से संबंधित दस्तावेजों को सारणीकृत परिणामों को छोड़कर परिणामों की घोषणा की तारीख से 6 मास के पश्चात् रजिस्ट्रार या किसी ऐसी विधिक कार्यवाहियों के प्रस्तुत किये जाने की दशा में, जिसमें परीक्षा के परिणाम को चुनौती दी जाय, ऐसी कार्यवाहियों के अंतिम रूप से विनिश्चित किया जाने के पश्चात्, जो भी पश्चात्वर्ती हो, रजिस्ट्रार द्वारा नष्ट किया जायेगा या अन्यथा व्ययनित किया जायेगा.

64. रजिस्ट्रार, परीक्षा के संचालन के लिये कार्यक्रम तथा वे तारीखें प्रकाशित करेगा जिस तक परीक्षार्थियों से आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा उनके द्वारा फीस चुकाई जायेगी.

65. रजिस्ट्रार/परीक्षा अधिकारी अध्यक्ष के परामर्श से प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिये केन्द्र अधीक्षक नियुक्त करेगा और जब और जैसी आवश्यकता हो अनुदेश जारी करेगा तथा मार्गदर्शन देगा.

66. प्रत्येक केन्द्र पर, परीक्षा का केन्द्र अधीक्षक, परीक्षा अधिकारी से उचित रूप से मुहरबंद लिफाफों में प्रश्न पत्र प्राप्त करेगा और वह उसे भेजे गये प्रश्न पत्रों तथा उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित अभिरक्षा के लिये वैयक्तिक रूप से उत्तरदायी होगा और परिषद् के कार्यालय को, उपयोग में लाये गये तथा उपयोग में न लाये गये प्रश्न पत्रों तथा उत्तर पुस्तिकाओं का पूरा पूरा हिसाब देगा. वह अभ्यर्थियों के बैठने का इन्तजाम करेगा तथा केन्द्र में परीक्षा के निर्विघ्न संचालन के लिये अन्य आवश्यक इन्तजाम भी करेगा.

67. केन्द्र अधीक्षक वीक्षकों (इनविजिलेटर्स) तथा अन्य कर्मचारीवृन्द की नियुक्ति करेगा, जो ऐसा पारिश्रमिक प्राप्त करेंगे, जैसा कि परिषद् द्वारा समय-समय पर नियत किया जाय. वह वीक्षकों तथा उसके अधीन कार्य करने वाले अन्य कर्मचारीवृन्द के कार्य का पर्यवेक्षण करेगा और परिषद् द्वारा जारी किये गये अनुदेशों के सर्वथा अनुसार परीक्षाओं का संचालन करेगा.

68. केन्द्र अधीक्षक, जब कभी आवश्यक हो, परीक्षा के संचालन के बारे में गोपनीय रिपोर्ट, उसमें वीक्षकों के काम करने तथा परीक्षार्थियों के सामान्य व्यवहार का उल्लेख करते हुए, रजिस्ट्रार को भेजेगा. वह प्रत्येक दिन परीक्षा में उपस्थित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या, अनुपस्थितियों के रोल नम्बर, उत्तर पुस्तिकाओं के चालू लेखाओं का दैनिक रिपोर्ट तथा केन्द्र द्वारा ली जाने वाली परीक्षा से संबंधित ऐसी अन्य जानकारी जो कि आवश्यक समझी जाय तथा और कोई बात जिसे वह परिषद् की जानकारी में लाना उचित समझे, भेजेगा.

69. परिषद् प्रत्येक केन्द्र के लिये अग्रिम धनराशि मंजूर कर सकेगी और केन्द्र अधीक्षक, प्राप्त हुई अग्रिम धनराशि तथा परीक्षा के संचालन के संबंध में उपगत किये गये व्यय का विस्तृत लेखा रखने तथा रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करने के लिये उत्तरदायी होगा.

70. परिषद्, परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र उस महाविद्यालय का, जिसका कि वह विद्यार्थी है, विचार किये बिना, किसी भी समय जब वह उचित समझे कोई कारण बताये बिना, परिवर्तित कर सकेगी.

71. (1) परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केन्द्र अधीक्षक के अनुशासनात्मक नियंत्रण के अधीन रहेगा और वह उसके अनुदेशों का पालन करेगा. कोई अभ्यर्थी, अनुशासनहीन होने पर, अनुचित साधन का उपयोग करने पर, या अनुचित साधनों का उपयोग करने का प्रयास करने पर या अशिष्ट होने तथा केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक या किसी अन्य सदस्य या परीक्षा केन्द्र के कर्मचारीवृन्द के साथ दुर्व्यवहार करने पर, केन्द्र अधीक्षक के आदेशों की उसके द्वारा अवज्ञा करने की दशा में, उस दिन की परीक्षा से अपवर्जित किया जा सकेगा और यदि वह अपने कदाचार पर डटा रहता है तो वह केन्द्र अधीक्षक द्वारा शेष परीक्षा से अपवर्जित किया जा सकेगा.

(2) यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र की प्रसीमाओं के भीतर कोई हथियार या ऐसी कोई वस्तु जो हमला करने के लिये उपयोग में लाई जा सकेगी/लाता है और या अहिंसात्मक रीति में कार्य करता है या बल का प्रयोग करता है या उसकी प्रसीमाओं में केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक या किसी परीक्षक के प्रति उसकी वैयक्तिक सुरक्षा को खतरे में डालते हुए बल का प्रदर्शन करता है या ऐसी रीति में कार्य करता है जिससे कि प्राधिकारियों को उनके कर्तव्यों के पालन में बाधा पहुंचने की संभावना है तो केन्द्र अधीक्षक अभ्यर्थी को केन्द्र से निकाल सकेगा और इस प्रयोजन के लिये ऐसी शक्ति का प्रयोग करेगा या कर सकेगा जैसा कि आवश्यक हो और वह इसके अतिरिक्त पुलिस की सहायता ले सकेगा. इस प्रकार निकाला गया अभ्यर्थी पश्चात्वर्ती प्रश्न पत्रों में बैठने के लिये अनुज्ञात नहीं किया जायेगा.

(3) प्रत्येक मामले में, जहां केन्द्र अधीक्षक द्वारा खंड (1) या (2) के अधीन कोई कार्यवाही की जाती है, पूर्ण रिपोर्ट परिषद् को भेजी जायेगी और कार्यकारिणी समिति अभ्यर्थी के आचरण या अपचार की गंभीरता पर ध्यान देते हुए उसकी परीक्षा रद्द कर के और या परिषद् की परीक्षाओं में से किसी भी परीक्षा में एक या अधिक वर्ष तक बैठने से विवर्जित करने तथा प्रस्तावित कार्यवाही के विरुद्ध युक्तियुक्त अवसर देने तथा अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये किसी स्पष्टीकरण पर विचार करने के पश्चात् आगे और दंडित कर सकेगी.

72. मुहरबंद लिफाफे, जिसमें उस दिन के लिये अंकित प्रश्नपत्र अन्तर्विष्ट हों, परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट पूर्व खोले जायेंगे और मुहरबंद लिफाफे पर केन्द्र अधीक्षक तथा वीक्षक (इन्विजिलेटर)

द्वारा यह प्रमाणित करते हुए कि मुहरें अक्षुण्ण थीं और उनके सामने बण्डल तोड़ कर खोला गया था हस्ताक्षर किये जायेंगे तथा समय सहित विनोवित किया जायेगा. केन्द्र अधीक्षक तथा वीक्षक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र वितरित करने से पूर्व अपना समाधान कर लेंगे कि मुहरबन्द लिफाफे में केवल सुसंगत प्रश्न पत्र ही अंतर्विष्ट है.

63. केन्द्र या केन्द्र अधीक्षक का कोई पहचान चिन्ह लिफाफे पर या उत्तर पुस्तिकाओं के किसी स्थान पर नहीं बनाया जायेगा. प्रत्येक दिन प्रश्न पत्र पूरा होने पर, समस्त उत्तर पुस्तिकाओं की यह सुनिश्चित करने के लिये जांच की जायगी और यह सत्यापित किया जायेगा कि परीक्षार्थियों द्वारा आवरण पृष्ठ पर की गई प्रविष्टियां पूर्ण तथा सही हैं और तत्पश्चात् उत्तर पुस्तिकाओं को उचित रूप से मुहरबंद किया जायेगा और पैकेट को मुहरबंद करने की तारीख तथा समय उल्लिखित करते हुए उसके द्वारा तथा एक वीक्षक (इन्विजिलेटर) द्वारा प्रमाणित किया जायेगा और इस संबंध में परीक्षा अधिकारी द्वारा समय-समय पर दिये गये अनुदेशों के अनुसार उसे परीक्षा अधिकारी के पास भेज दिया जायेगा.

64. केन्द्र अधीक्षक का समस्त परीक्षार्थियों के मामले में प्ररूप पर चिपकाये गये उनके फोटोग्राफ की तथा हस्ताक्षरों (जिनमें से एक हस्ताक्षर पहले से ही प्ररूप पर होगा और दूसरा परीक्षा कक्ष में अभिप्राप्त किया जायगा) की जांच करके यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य होगा कि परीक्षार्थी वही व्यक्ति है जिसने परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन पत्र का प्ररूप भरा है.

65. बीमारी, दुर्घटना या किसी अन्य पर्याप्त कारण से घटित आकस्मिक मामलों के सिवाय किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे के बाद परीक्षा हाल में आने के लिये अनुज्ञात नहीं किया जायेगा और कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे के भीतर, चाहे किसी प्रयोजन के लिये हो, परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ेगा. वीक्षक (इन्विजिलेटर्स) प्रत्येक दिन समस्त उपस्थित परीक्षार्थियों के हस्ताक्षर उसे दिये गये एक कागज पर अभिप्राप्त करेंगे और प्रवेश पत्र की जांच करेंगे. वह यह भी सत्यापित करेगा कि प्रत्येक परीक्षार्थी ने, कक्ष छोड़ने के लिये अनुज्ञात किये जाने के पूर्व, उत्तर पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर समुचित स्थानों पर अपेक्षित ब्यौरे सही रूप से प्रविष्ट किये हैं.

66. केन्द्र अधीक्षक, ऐसे परीक्षार्थी के विरुद्ध, जो परीक्षा कक्ष में या परीक्षा केन्द्र के परिसरों के भीतर परीक्षा के घंटों के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग कर रहा है या प्रयोग करने का प्रयास कर रहा है, निम्नलिखित रूप में कार्यवाही करेगा:—

(एक) परीक्षार्थी को उसके कब्जे में पाई गई समस्त आपत्तिजनक सामग्रियां जिनमें उत्तर पुस्तिकायें सम्मिलित हैं, अभ्यर्पित करने की अपेक्षा की जायेगी तथा वीक्षक द्वारा उस पर तारीख तथा समय का उल्लेख करते हुए एक ज्ञापन तैयार किया जायेगा और उन पर अधीक्षक के हस्ताक्षर किये जायेंगे.

(दो) परीक्षार्थी तथा वीक्षक का कथन प्ररूप पांच में अभिलिखित किया जायेगा. परीक्षार्थी द्वारा कथन करने से तथा अनुचित साधन के रूप में उपयोग में लाई गई सामग्रियों को अभ्यर्पित करने से इंकार करने के मामले में, वैसी टिप्पणी अधीक्षक द्वारा दी जायेगी.

(तीन) परीक्षार्थी को एक नई उत्तर पुस्तिका जिस पर "दूसरी प्रति अनुचित साधन का उपयोग करने पर" अंकित होगा, परीक्षा के लिये विहित किये गये शेष समय के भीतर उत्तर लिखने के लिये जारी की जायेगी.

(चार) इस प्रकार संग्रहीत समस्त सामग्रियां तथा परीक्षार्थी के कथन के साथ संपूर्ण साक्ष्य और सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित उत्तर पुस्तिका एक अलग गोपनीय मुहरबन्द रजिस्ट्रीकृत पैकेट में जिस पर "अनुचित साधन" अंकित होगा, केन्द्र अधीक्षक की टीका-टिप्पणी सहित परीक्षा अधिकारी के पास उसके नाम से अग्रेषित किया जायेगा.

(पांच) परीक्षार्थी से इस प्रकार संग्रहीत सामग्री को दोनों उत्तर पुस्तिकाओं अर्थात् अनुचित साधन का उपयोग करते समय संग्रह की गई उत्तर पुस्तिका तथा तत्पश्चात् प्रदाय की गई दूसरी उत्तर पुस्तिका के साथ परीक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षक के पास भेजी जायेगी. इसलिये कि दोनों उत्तर पुस्तिकाओं को अलग-अलग निर्धारित किया जाय तथा रिपोर्ट दी जाय कि संग्रहीत सामग्री की दृष्टि से क्या परीक्षार्थी ने वास्तव में अनुचित साधनों का उपयोग किया है.

(छः) परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग के मामले, जैसा कि केन्द्र अधीक्षक द्वारा रिपोर्ट किये गये हैं, परीक्षक की रिपोर्ट के साथ परीक्षा समिति के समक्ष परीक्षण तथा उससे संबंधित विनिश्चय के लिये रखे जायेंगे.

67. परीक्षा में अनुचित साधन तथा अनुशासन भंग के समस्त मामले केन्द्र अधीक्षक द्वारा दैनिक रिपोर्ट में अभिलिखित किये जायेंगे और उपस्थित वीक्षक (इन्विजिलेटर) द्वारा उन पर साक्षी के रूप में हस्ताक्षर किये जायेंगे.

68. रजिस्ट्रार, केन्द्र अधीक्षक की सिफारिश पर ऐसे परीक्षार्थी की ओर से जो अंधेपन, क्षीण दृष्टि या आकस्मिक रुग्णता के कारण स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, परीक्षा में प्रश्नों के उत्तरों से संबंधित श्रुतलेखन लिखने के लिये एक अनुलेखक (एमान्यूसिस) की नियुक्ति कर सकेगा:

परन्तु ऐसा अनुलेखक परीक्षार्थी से निम्न स्तर अर्हता का तथा गैर चिकित्सक व्यक्ति होगा.

69. परिषद् यह देखने के लिये कि परीक्षा का संचालन नियमों तथा अधिकथित प्रक्रियाओं के सर्वथा अनुसार हो रहा है, निरीक्षण या निरीक्षकों के बोर्ड की, समय-समय पर नियुक्ति कर सकेगी. निरीक्षक द्वारा नियमों या प्रक्रियाओं का गंभीर रूप से भंग किया जाना बताने की दशा में, अध्यक्ष, केन्द्र में परीक्षा का पूर्णतः या भागतः मुल्तवी किया जाना या रद्दकरण को सम्मिलित करते हुए ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जो आवश्यक हो और यदि ऐसी कोई कारवाई की जाती है तो की गई कार्यवाही की कारणों सहित रिपोर्ट कार्यकारिणी समिति को उसकी आगामी बैठक में की जायगी.

70. कार्यकारिणी समिति किसी परीक्षा केन्द्रों को रद्द कर सकेगी, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि प्रश्न पत्रों की गोपनीयता भंग हो गई है या ऐसी कोई गंभीर प्रकार की अनियमितता हुई है, जो ऐसे कदम के लिये समुचित आधार है.

71. परिषद् एक परीक्षा समिति नियुक्त कर सकेगी, जो—

(एक) प्रश्न पत्र निर्माताओं (पेपर सेटर्स), परीक्षकों, वाह्य तथा आंतरिक प्रायोगिक परीक्षकों की नामावलियों तथा सूचियों का अनुमोदन करेगी.

[illegible]

[illegible] दुराचार के मामलों की जांच करेगी तथा विनिश्चय [illegible]

(चार) परीक्षा के संचालन के संबंध में ऐसे अन्य कार्य करेगी जो कि उसे अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर सौंपे जायें.

72. अध्यक्ष सारिणीकारों (टेबुलेटर्स) तथा समाकलन करने वालों और/या ऐसे अन्य व्यक्तियों को नियुक्त करेगा जो कि परिणाम [illegible] तैयार करने के लिये आवश्यक हों. अध्यक्ष और/या परीक्षा समिति परीक्षकों, प्रश्न-पत्र निर्देशकों (सेटर्स), केन्द्र अधीक्षक, सारिणीकारों (टेबुलेटर्स), समाकलन करने वालों के मार्गदर्शन के लिये ऐसे [illegible] अनुदेश जारी करेगी जैसा कि उनके कर्त्तव्यों के उचित पालन के लिये तथा परीक्षा का परिणाम तैयार करने के लिये [illegible].

73. परीक्षा समिति परीक्षा के संचालन तथा परीक्षा की तैयारी के बारे में नियमों तथा प्रक्रियाओं में कोई परिवर्तन या रूपान्तरण करने के लिये, समय-समय पर सुझाव दे सकेगा.

74. यदि अभ्यर्थी को उसकी परीक्षा के प्रश्न-पत्र के विषय में कोई संसूचना करना है तो रजिस्ट्रार को लिखित में सीधे की जायेगी जो, यदि आवश्यक हो, तो अपनी टिप्पणियों सहित आवेदन पत्र को परिणाम समिति के समक्ष विचार के लिये रखेगा.

75. परिषद प्रत्येक परीक्षा के लिये एक परिणाम समिति गठित करेगी जिसके कृत्य निम्नानुसार होंगे :—

(एक) परीक्षा के परिणाम की संवीक्षा करना तथा [illegible] समाधान करने के पश्चात् कि पूर्णरूपेण परिणाम तथा विभिन्न विषयों में परिणाम सामान्य स्तरमान के अनुरूप है, उसे पारित करना,

(दो) प्रश्न पत्रों के विरुद्ध शिकायतों की जांच करना तथा आवश्यक कार्रवाई करना,

(तीन) ऐसे अभ्यर्थियों के, जिनकी उत्तर पुस्तिकायें अभिवहन में गुम गई होंगी, मामलों का विनिश्चय करना,

(चार) यदि किसी परीक्षा केन्द्र अधीक्षक या वीक्षक (इन्विजिलेटर) के विरुद्ध कोई कार्रवाई करना है तो परिषद् को वैसी रिपोर्ट देना,

(पांच) ऐसे अन्य कर्तव्यों का अनुपालन करना, जैसा कि परिषद् समय-समय पर उसे सौंपे.

76. परिणाम समिति द्वारा यथापारित परिणाम रजिस्ट्रार द्वारा घोषित किया जायेगा और वह परिषद की सूचना पटल पर प्रकाशित किया जायेगा तथा साथ ही संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों को संसूचित किया जायेगा.

77. परिणाम समिति को किसी केन्द्र के किसी अभ्यर्थी का परिणाम ऐसे कारण से या ऐसे कारणों से, जो कि ऐसी कार्रवाई करने के लिये समुचित आधार हों, रोकने की शक्ति होगी. इस प्रकार रोका गया परिणाम तब घोषित किया जा सकेगा जब वे कारण या आपत्तियां,

[illegible]

78. [illegible] और प्रत्येक [illegible] जा [illegible].

79. प्रश्न पत्र निर्देशकों (पेपर सेटर्स), परीक्षकों, अधीक्षकों, वीक्षकों (इन्विजिलेटर्स), सारिणीकारों (टेबुलेटर्स) तथा समाकलन करने वालों के पारिश्रमिक तथा अपेक्षित मूल्यों के लिये पारिश्रमिक में कटौतियां ऐसी होंगी जैसी कि परिषद् द्वारा समय-समय पर अवधारित की जाय.

80. (1) [illegible] के बारे में [illegible] होने के बारे में उद्भूत होने वाली किसी भी शंका के संबंध में तथा कोई ऐसा अन्य मामलों [illegible] विनियमों में अधीन विशिष्टतः कोई उपबंध नहीं किया गया है परिषद् का विनिश्चय अंतिम होगा.

(2) परिषद् को इन विनियमों से संलग्न प्ररूपों को पुनरीक्षित करने तथा उनमें कोई ऐसे परिवर्धन तथा परिवर्तन करने की शक्ति होगी जैसा कि वह उचित समझे.

भाग [illegible]—पाठ्य विवरण तथा पाठ्यक्रम

81. होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में उपाधि [illegible] के लिये पाठ्यक्रम [illegible] निम्नलिखित होगा—

होम्योपैथिक [illegible] तथा [illegible] चिकित्सा [illegible]

उपाधिकाल परीक्षा

(1) शरीर रचना (एनाटामी).—मानव शरीर रचना का पूर्ण पाठ्यक्रम तथा मानव शरीर के शरीर रचना संबंधी भिन्न-भिन्न भाग का सामान्य कार्यकारी ज्ञान, विसेरा, मांस पेशियों (मसल्स) ब्लड व्हेसलस नर्वस् तथा लिम्फेटिक्स की सामान्य शरीर रचना संबंधी स्थितियां तैयार किये गये विच्छेदित (डिसेक्टेड) नमूनों के माध्यम से प्रदर्शन रिजनल तथा सरफेस एनाटामी सरफेस मार्किंग्स तथा सामान्य विषयों के रेडियोग्राफ.

प्रायोगिक.—जहां कहीं संभव हो मानव शरीर के विच्छेदन के पाठ्यक्रम का इन्तजाम किया जा सकेगा. विच्छेदन का भार शरीर के विच्छेदित भागों का प्रदर्शन कर के महत्वपूर्ण व्हिसेरा, आर्टरीज, नर्वों, मस्तिष्क के महत्वपूर्ण चिकित्सीय क्षेत्र, शरीर के निशानों का प्रदर्शन कर के कम किया जा सकता है.

प्रश्न पत्र क्रमांक 1.—उर्ध्व देह शाखा (अपर एक्स्ट्रीमिटी) सिर, चेहरा, गला तथा मस्तिष्क.

प्रश्न पत्र क्रमांक 2.—अधो देह शाखा (लोअर एक्स्ट्रीमिटी) थोरेक्स, एब्डोमेन तथा पेल्विस.

(2) शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियालाजी).—फिजियालाजी में सामान्य सिद्धांतों तथा तथ्यों में अंतर्ग्रस्त व्याख्यानों का पाठ्यक्रम.

प्रश्न-पत्र 1.—हिस्टोलाजी, ब्लड तथा लिम्फ, कार्डियोवेस्कुलर सिस्टम, रेटिक्युलोएन्डोथडोथेलियल सिस्टम, स्प्लीन, (रेस्पीरेटरी सिस्टम) यूरिनरी सिस्टम, चर्म, शरीर का नियमन, तथा रेस्प्रागेन्स नर्व मसल फिजियालाजी.

प्रश्न-पत्र 2.—एन्डोक्रिन आर्गन्स, नर्वस सिस्टम, रिप्रोडक्टिव सिस्टम, डाइजेस्टिव सिस्टम, मेटाबोलिज्म, एन्जाइम्स, न्यूट्रीशन्स.

प्रायोगिक.—(1) टिशू तथा आर्गन्स, बोन्स, कार्टिलेज, फाईब्रोस टिशू, सेलूलर टिशू, वेन्स आर्टरीज लिवर, लंग, एपेन्डिक्स, फेलोपियन ट्यूब के हिस्टोलाजिक नमूनों की पहचान, स्पाइनल नर्व, लिम्फ ग्लान्ड, स्प्लीन, किडनी का क्रास सेक्शन.

(2) ब्लड फिल्म्स के स्टेनिंग की तैयारी ब्लड सेल्स की कुल तथा अन्तर (डिफरेंशियल) गणना.

(3) हेमोग्लोबिनो मीटर तथा स्फिग्मोमानोमीटर का उपयोग ... विधि ... में कुछ प्रयोगों का प्रदर्शन.

(4) मूत्र (यूरिन) के सामान्य नार्मल तथा एबनार्मल कन्स्टिट्यूएन्ट्स की रासायनिक जांच.

(3) ... फार्मेसी, विस्तार, ... तथा ... पौधों ... तथा खनिज औषधियों के स्रोत, ड्रग ... , ... के तरीके (मदर टिंक्चर्स ... , ... तथा ट्रिटुरेशन्स) फ्लूइडिक ... पोटेन्सी, ट्रिटुरेशन की तरल रूप में परिवर्तन ... एलीमेन्ट्स.

प्रिस्क्रिप्शन, उसकी ... तथा विधि मान्यता, फोरेन्सिकोलाजी, औषधियों (ड्रग्स) तथा वेहिकिल्स का मानकीकरण, फार्मेसी विज्ञान, प्रयोगशाला के सामान्य तरीके, जैसे महत्वपूर्ण औषधि (ड्रग्स) पदार्थों के (बायोलर्जीकल)/ तकनीकी (मेकेनिकल) तथा / या रसायनिक (केमिकल) लक्षण. होम्योपैथिक ड्रग प्रूविंग.

प्रायोगिक.—औषध निर्माण के साधित्रों तथा उपकरणों की पहचान तथा उनकी सफाई, पालीक्रेस्ट्स (ड्रग्स) की पहचान, 3—एक्स पोटेन्सी तक औषध पदार्थ तथा ट्रिटुरेशन का सूक्ष्म अध्ययन, नक्श का प्राक्कलन, शुद्धता तथा गुरुत्व परीक्षण, ग्लोबुल्स, उसका आकार तथा औषधीकरण.

डायलूट अल्कोहलिक सोल्यूशन्स तथा डिल्यूशन्स तैयार करना और औषधि बनाना (डिस्पेंसिंग), मदर टिंक्चर तैयार करना, ट्रिटुरेशन, पोटेन्टिसेशन बाह्य प्रयुक्ति हेतु तैयार करना (प्रिपरेशन) आफ एक्सटर्नल एप्लीकेशन प्रिस्क्रिप्शन लिखना तथा उसकी औषधि बनाना. प्रयोगशाला पद्धतियां.

(4) मेटीरिया मेडिका तथा फिलासफी:—

1. एकोनाईट नैप
2. एलीयमसीपा
3. आर्निका मोन्टेना
4. बेलाडोना
5. बोरेक्स
6. ब्रायोनिया
7. कैलेन्डुला
8. कास्टीकम
9. चाइना
10. कोलोसिन्थ
11. ड्रासेरा
12. फेरमफेट
13. जेलसीमियम
14. कालीमूर
15. कालीफास
16. मेग्नीशिया फास
17. नुक्सवोमिका
18. फासफोरस
19. रस टाक्स
20. सालिसा

फिलासफी.—सामान्यतः चिकित्सा के तथा विशेषतः होम्योपैथी के इतिहास के बारे में तथा डा. हैनिमन के जीवन के बारे में विहंगावलोकन स्वास्थ्य तथा रोग की धारणा के संबंध में डा. हैनिमन का योगदान और मनुष्य का पूर्ण अध्ययन—दोनों में—स्वास्थ्य तथा रोग में, होम्योपैथिक फिलासफी की रूपरेखा तथा होम्योपैथिक मेटीरिया मेडिका का लगभग 10 से 15 तक सामान्य रूप से उपयोग में आनेवाली औषधियों के कुल औषधियों (ड्रग) के चित्रोंद्वारा निदर्श चित्रों (इलस्ट्रेशन्स) सहित परिचय. देश का परिवार कल्याण कार्यक्रम साईकालाजी तथा लाजिक का प्रारंभिक ज्ञान.

होम्योपैथिक चिकित्सा तथा शल्य चिकित्सा में द्वितीय उपाधि-पत्र परीक्षा

पैथालाजी, बैक्टीरियालाजी तथा पेरासाइटोलाजी.—सैद्धांतिक.—पैथालाजी में केवल स्थूल बुनियादी प्रशिक्षण, जो विशेषज्ञ अभिरुचि से मुक्त हो, विद्यार्थियों को दिया जाना चाहिये. पूर्ण होम्योपैथिक चिकित्सक के लिये बैक्टीरियालाजी तथा पैथालाजी का ज्ञान भी आवश्यक है. वह थेराप्यूटिक्स जैसे रोग निदान (डायग्नोसिस), प्रोग्नोसिस रोग का निवारण आदि अन्य प्रयोजनों के लिये तथा सामान्य प्रबन्ध.

सामान्य पैथालाजी.—परिचय, विस्तार, पुरानी (एलोपैथिक) तथा नवीन शाखा होम्योपैथिक दृष्टिकोण. स्वास्थ्य तथा रोग; रोगों की इटियोलाजी, इन्फेक्शन, डेफिनिट एडाप्शन, इन्फ्लेमेशन.

रक्तपरिचालन की गड़बड़ियां, रक्त के रोग हाइपरीमिया, थ्राम्बोसिस तथा इम्बोलिज्म जिसमें संक्रमण (इन्फेक्शन), आईडिमा, ज्वर, रेजिनेरेटिव टिशू परिवर्तन, हाइपर ट्राफी तथा हाइपर प्लासिया सम्मिलित है. अपचारक प्रक्रिया (हीलिंग प्रोसेस), विशेष संरचनाओं का उपचार (हीलिंग आफ स्पेशल स्ट्रक्चर्स). डिजनरेटिव टिशू परिवर्तन, प्रोलीफरेटिव टिशू परिवर्तन, रक्त के रोगों के संबंध में इम्यूनिटी स्पेशल पैथालाजी, पर्नीसियस-एनेमिया, एप्लास्टिक एनेमिया, क्लोरोसिस, ल्यूकेमिया पर सामान्य विचार. रक्त परिवहन तंत्र के रोग पैरीकाडीटिस. एओर्टिटिस एन्डरिज्म मेनिनजाइटिस. रेस्पीरेटरी सिस्टम के रोग, किडनी एलीमेंटरी-ट्रेक्ट सीरोसिस आफ लिवर. अज्ञात कारणता के रोग.

बैक्टीरियालाजी.—माइक्रो आर्गेनिज्म के मारफोलाजी, बायोलाजी तथा पैथोजेनिक गुण.

[illegible]टालाजी.---[illegible] के [illegible] [illegible] तथा पैथोजेनिक गुण, [illegible], डिप्थीरिया, [illegible] बेसिलाई, सिफलिस के स्पीरोकीटा [illegible], बेसिला डिप्रेशन, चूहा काटने से ज्वर, एक्टिनो [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] वेनेक्रोवटी.

वाइरस.---स्मालपाक्स, चिकन पाक्स, मीजल्स, सामान्य जुकाम, हार्प्सजोस्टर, एक्यूट एन्टीरियर पोलियो माईलाईटिस, इन्फ्लुजा, इन्सेफेलिइटिस, लेथरजिका, इपिडेमिकल इन्फेक्टिव हैपाटाइटिस, प्राथमिक तथा टिपिकल न्यूमोनिया.

प्रायोगिक.---1. टिशू तथा आर्गन का हिस्टोपैथलाजिकल अध्ययन.

2. पेथेजेनिक आर्गेनिज्मस् के माइक्रोसकोपिक नमूने.

3. मोर्बिड सामग्रियों रक्त, मूत्र, पीव, थूक, एक्सूडेट्स का संग्रहण, तैयारी तथा परीक्षण.

1. फोरेन्सिक मेडिसिन तथा टाक्सीकोलाजी.---विधिक प्रक्रियायें मेडिकल जूरिसप्रडेन्स, न्यायालय तथा उनकी अधिकारिता.. मेडिकल एथिक्स तथा विभिन्न अधिनियम, जीवित तथा मृत व्यक्तियों, शरीर के भागों हड्डियों, धब्बों आदि की परीक्षा तथा पहचान. डेथ मेडिकोलीगल, शव परीक्षण.

हमला, घाव, क्षति तथा हिंसा व्दारा मृत्यु, खून के धब्बे सेमिनल के धब्बे, जलना, स्काल्ड्स, लाइटेनिंग, स्ट्रोक भूख, गर्भावस्था, प्रसव, गर्भपात, शिशुहत्या, मैथुन अपराध, उन्मत्ततर टाक्सीकोलाजी, सामान्य जहर, लक्षण, उपचार, शव परीक्षा से आभास तथा परीक्षण.

